भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने समझौता ज्ञापन 2023-24 के अंतर्गत उत्कृष्ट रेटिंग प्राप्त की

नई दिल्ली, 13 जनवरी, 2025: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा), मिनी रत्न श्रेणी-I सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम ने भाविप्रा के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार के कुशल नेतृत्व में नागर विमानन मंत्रालय के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन 2023-24 के अंतर्गत 94.50 अंकों के साथ 'उत्कृष्ट' रेटिंग प्राप्त की है।

लोक उद्यम विभाग द्वारा भाविप्रा को समझौता ज्ञापन अंक 94.50 और 'उत्कृष्ट' अंतिम रेटिंग के रूप में दी गई। डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार भाविप्रा और नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें प्रचालन से राजस्व वृद्धि, पूंजीगत व्यय, नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ, परिसंपत्ति कारोबार अनुपात आदि और सीपीएसई क्षेत्र-विशिष्ट भौतिक मानदंडों के संदर्भ में वित्तीय लक्ष्यों पर मुख्य बल दिया गया है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार की प्राथमिकताओं के आधार पर, एससी/एसटी और महिलाओं सहित एमएसई से खरीद, सीएसआर आदि जैसे कुछ अनुपालन मानदंड भी समझौता ज्ञापन में सम्मिलित किए गए हैं।

भाविप्रा ने हवाईअड्डा सेवाओं और प्रौद्योगिकी को बढ़ाने, प्रचालन दक्षता में सुधार लाने के लिए समझौता ज्ञापन 2023-24 के अंतर्गत पूंजीगत व्यय में 5,335 करोड़ रुपये का निवेश किया है जिसके परिणामस्वरूप यात्रियों को सुरक्षित और अधिक निर्बाध यात्रा का अनुभव प्राप्त हुआ है तथा प्राप्त 'उत्कृष्ट' रेटिंग भविष्य के विकास की नींव रखेगी।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी

विवरण के लिए कृपया महाप्रबंधक (निगमित संचार) से संपर्क करें: 011- 20818228

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 27/ 2024-25